

श्री अजय देवगन

Shri Ajay Devgn



पद्म श्री

Padma Shri



राष्ट्रपति से अलंकरण प्राप्त करते हुए

Receiving the decoration from the President

श्री अजय देवगन

श्री अजय देवगन एक जाने–माने अभिनेता, निर्देशक और निर्माता हैं। आप भारतीय सिनेमा में अपने योगदान से अपनी एक खास पहचान बनाने वाले दो दशकों से भी अधिक समय से जन–जन के मन में घर किए हुए एक प्रसिद्ध अभिनेता हैं।

2. आपका जन्म अप्रैल 02,1969 को हुआ। आप सिने जगत के यशस्वी एवं अपने समय के सबसे बड़े स्टंटमैन श्री वीरू देवगन के परिवार से ताल्लुक रखते हैं। आपने स्वयं को एक बॉलीवुड फिल्म स्टार के रूप में स्थापित किया है तथा लाखों लोगों से प्रशंसा अर्जित की है। आपको फिल्म तकनीक के साथ–साथ फिल्म के निर्देशन की भी गहरी समझ होने के फलस्वरूप आप बॉलीवुड के सबसे प्रिय अभिनेताओं में से एक हैं। आप संजीदा पात्रों का सहजता से सशक्त अभिनय करते आ रहे हैं। फिर भी, आप सही समय पर कॉमेडी के सफल अभिनय के लिए भी जाने जाते हैं।

3. आपकी पहली फिल्म फूल और कांटे थी। यह फिल्म एक तात्कालिक सफल व्यवसायिक फिल्म थी जिसने आपको एक एक्शन हीरो आइकॉन के रूप में स्थापित किया। आपको अगली सफलता भी उसी वर्ष हासिल हुई जब आपने बॉलीवुड की मार्शल आर्ट्स फिल्म जिगर में अभिनेता के रूप में काम किया। आपने श्री महेश भट्ट की मशहूर फिल्म जख्म में भी काम किया जिसमें आपके उत्कृष्ट प्रदर्शन के फलस्वरूप आपको सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के लिए नामांकित किया गया। यह फिल्म सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के रूप में आपकी दूसरी राष्ट्रीय फिल्म थी। फिल्म "दीवानगी" में आपकी नकारात्मक भूमिका के लिए आपको फिल्मफेयर पुरस्कार के सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त फिल्मों में आपके द्वारा निबाही गई नकारात्मक भूमिका के लिए सर्वोत्तम अभिनेता के रूप में स्टार स्क्रीन के साथ–साथ आपको जी सिने पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। आप जख्म, कम्पनी, रेनकोट, हम दिल दे चुके सनम, ओंकारा, गोलमाल, वंस अपॉन ए टाइम इन मुम्बई और सिघंम जैसी फिल्मों में की गई अपनी भूमिकाओं के लिए जाने जाते हैं।

4. आपने सन–2000 में अजय देवगन फिल्म्स नाम से एक प्रोडक्शन हाऊस स्थापित किया है जिसमें आपने राजू चाचा, हिन्दुस्तान की कसम, दिल क्या करे, यू मी और हम, ऑल द बेस्ट, बोल बच्चन, सन ऑव सरदार तथा सिघंम रिटर्न्स जैसी फिल्में बनाई हैं।

5. आप भारतीय युवाओं के प्रेरणा स्रोत हैं तथा भारतीय सिनेमा को विश्व भर में पसंद करने वाले दर्शकों के लिए नरेटिव फिल्में बनाने के लिए, आप उन्हें प्रेरित करना और सशक्त रूप में विकसित करना जारी रखे हुए हैं। आपको दो राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों सहित अनेकों पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है।

Shri Ajay Devgn

Shri Ajay Devgn is a renowned actor, director and producer. Known for his contribution to Indian cinema, he is a household name for more than two decades.

2. Born on 2nd April 1969 in the illustrious film family of Shri Veeru Devgn, the biggest stuntman of his time, Shri Ajay Devgn has established himself as a Bollywood film star and has won the admiration of millions. With a deep understanding of film technique as well as film direction, he is one of the most loved actors in Bollywood. His forte has been playing intense characters, however he is also known for pulling off comedy with impeccable timing.

3. Shri Devgn's debut film was Phool Aur Kaante. The film was an instant commercial success, which established him as action hero icon. His next success came in the same year when he starred in the Bollywood martial arts film Jigar. He appeared in Shri Mahesh Bhatt's critically acclaimed movie Zakhm, for which he was nominated as the Best Actor by the best performance as well as his second National Film for Best Actor. His negative role in "Deewangee" film got him Filmfare, a Star Screen as well as the Zee Cine Award for best actor in negative role. He is well known for his performance Zakhm, Company, Raincoat, Hum Dil De Chuke Sanam, Omkara, Golmaal, Once Upon a Time in Mumbai and Singham.

4. Shri Devgn set up a production house Ajay Devgn Films in 2000, where he produced films like Raju Chacha, Hindustan ki Kasam, Dil Kya Kare, U Me Aur Hum, All the Best, Bol Bachchan, Son of Sardaar and Singham Returns.

5. Shri Devgn is an inspiration to the Indian youth, and continues to inspire, motivate and develop strong, narrative driven films to enthral audience of Indian Cinema the World over. He has been awarded numerous awards, including two National Film Awards.